अध्याय 5

# सांतत्य और अवकलनीयता

## 5.1 समग्र अवलोकन (Overview)

### 5.1.1 *किसी बिंदु पर एक फलन का सांतत्य*

मान लीजिए कि वास्तविक संख्याओं के किसी उपसमुच्चय पर $f$ कोई वास्तविक फलन है तथा यह भी मान लीजिए कि $c$ फलन $f$ के प्रांत में स्थित एक बिंदु है। तब $f$, बिंदु $c$ पर संतत होता है, यदि

$$\lim_{x \to c} f(x) = f(c)$$

अधिक सुस्पष्ट रूप से, यदि $x = c$ पर फलन के वाम पक्ष की सीमा, दक्षिण सीमा तथा फलन के मान का अस्तित्व हो और ये परस्पर बराबर हों, अर्थात्

$$\lim_{x \quad c} f(x) \quad f(c) \quad \lim_{x \quad c} f(x)$$

तो $f$ को $x = c$ पर संतत कहा जाता है।

### 5.1.2 *एक अंतराल में सांतत्य*

(i) $f$ एक खुले अंतराल $(a, b)$ में संतत कहा जाता है, यदि वह इस अंतराल में प्रत्येक बिंदु पर संतत हो।

(ii) $f$ एक बंद अंतराल $[a, b]$ में संतत कहा जाता है, यदि

- $f$ अंतराल $(a, b)$ में संतत हो।
- $\lim_{x \to a^+} f(x) = f(a)$
- $\lim_{x \to b^-} f(x) = f(b)$

### 5.1.3 सांतत्य का ज्यामितीय अर्थ

(i) $x = c$ पर फलन $f$ संतत होगा, यदि बिंदु $(c, f(c))$ पर इस फलन के आलेख में कोई विच्छेदन न हो।

(ii) एक अंतराल में कोई फलन संतत कहा जाता है, यदि इस संपूर्ण अंतराल में उस फलन के आलेख में कोई विच्छेदन न हो।

### 5.1.4 असांतत्य

फलन $f$ बिंदु $x = a$ पर निम्नलिखित स्थितियों में से किसी में भी असंतत होगा:

(i) $\lim\limits_{x \to a^-} f(x)$ और $\lim\limits_{x \to a^+} f(x)$ का अस्तित्व है, परंतु ये बराबर नहीं हैं।

(ii) $\lim\limits_{x \to a^-} f(x)$ और $\lim\limits_{x \to a^+} f(x)$ के अस्तित्व बराबर हैं, परंतु इनका मान $f(a)$ के बराबर नहीं हैं।

(iii) $f(a)$ परिभाषित नहीं है।

### 5.1.5 कुछ सामान्य फलनों का सांतत्य

| **फलन $f(x)$** | **अंतराल जिसमें $f$ संतत है** |
|---|---|
| 1. अचर फलन, अर्थात् $f(x) = c$ | |
| 2. तत्समक फलन, अर्थात् $f(x) = x$ | **R** |
| 3. बहुपद फलन, अर्थात् $f(x) = a_0 x^n + a_1 x^{n-1} + \ldots + a_{n-1} x + a_n$ | |
| 4. $\lvert x - a \rvert$ | $(-\infty, \infty)$ |
| 5. $x^{-n}$, $n$ एक धनात्मक पूर्णांक है | $(-\infty, \infty) - \{0\}$ |
| 6. $p(x) / q(x)$, जहाँ $p(x)$ और $q(x)$ चर $x$ में बहुपद हैं | $\mathbf{R} - \{x : q(x) = 0\}$ |
| 7. $\sin x$, $\cos x$ | **R** |
| 8. $\tan x$, $\sec x$ | $\mathbf{R} - \{(2n+1)\frac{\pi}{2} : n \in \mathbf{Z}\}$ |

(पंक्ति 1–3 के लिए अंतराल **R** है।)

9. cot $x$, cosec $x$ — **R**– { ($n\pi$ : $n \in$ **Z**}

10. $e^x$ — **R**

11. log $x$ — (0, ∞ )

12. अपने संगत प्रांतों में प्रतिलोम त्रिकोणमितीय फलन अर्थात् $\sin^{-1} x$, $\cos^{-1} x$ इत्यादि।

## 5.1.6 संयोजित फलनों का सांतत्य

मान लीजिए कि $f$ और $g$ वास्तविक मानों वाले ऐसे फलन हैं कि $(fog)$ बिंदु $a$ पर परिभाषित है। यदि $a$ पर $g$ संतत है तथा $g(a)$ पर $f$ संतत है, तो $(fog)$ बिंदु $a$ पर संतत होता है।

## 5.1.7 अवकलनीयता

$f'(x) = \lim_{h \to 0} \frac{f(x+h) - f(x)}{h}$, जहाँ भी सीमा का अस्तित्व हो, से परिभाषित फलन को $x$ पर $f$ के अवकलज के रूप में परिभाषित किया जाता है। दूसरे शब्दों में हम कहते हैं कि कोई फलन $f$ अपने प्रांत में किसी बिंदु $c$ पर अवकलनीय होता है, यदि $\lim_{h \to 0^-} \frac{f(c+h) - f(c)}{h}$, जिसे वाम अवकलज कहा जाता है और $Lf'(c)$ से व्यक्त किया जाता है तथा $\lim_{h \to 0^+} \frac{f(c+h) - f(c)}{h}$, जिसे दक्षिण अवकलज कहा जाता है और $Rf'(c)$ से व्यक्त किया जाता है, दोनों ही परिमित हों तथा परस्पर बराबर हों।

(i) फलन $y = f(x)$ को एक खुले अंतराल $(a, b)$ में अवकलनीय कहा जाता है, यदि वह $(a, b)$ के प्रत्येक बिंदु पर अवकलनीय होता है।

(ii) फलन $y = f(x)$ को एक बंद अंतराल $[a, b]$ में अवकलनीय कहा जाता है, यदि $Rf'(a)$ और $Lf'(b)$ का अस्तित्व हो तथा $(a, b)$ के प्रत्येक बिंदु के लिए $f'(x)$ का अस्तित्व हो।

(iii) प्रत्येक अवकलनीय फलन संतत होता है, परंतु इसका विलोम सत्य नहीं है।

## 5.1.8 अवकलजों का बीजगणित

यदि $u$ और $v$ चर $x$ के फलन हैं, तो

(i) $\frac{d(u \pm v)}{dx} = \frac{du}{dx} \pm \frac{dv}{dx}$ (ii) $\frac{d}{dx}(uv) = u\frac{dv}{dx} + v\frac{du}{dx}$ (iii) $\frac{d}{dx}\left(\frac{u}{v}\right) = \frac{v\frac{du}{dx} - u\frac{dv}{dx}}{v^2}$

**5.1.9** श्रृंखला नियम फलनों के संयोजन को अवकलित करने के लिए एक नियम है। मान लीजिए कि $f = vou$। यदि $t = u(x)$ तथा $\frac{dt}{dx}$ और $\frac{dv}{dt}$ दोनों का ही अस्तित्व है तो $\frac{df}{dx} = \frac{dv}{dt} \cdot \frac{dt}{dx}$।

**5.1.10** कुछ मानक अवकलज (अपने उपयुक्त प्रांतों में) निम्नलिखित हैं:

1. $\frac{d}{dx}(\sin^{-1} x) = \frac{1}{\sqrt{1-x^2}}$

2. $\frac{d}{dx}(\cos^{-1} x) = \frac{-1}{\sqrt{1-x^2}}$

3. $\frac{d}{dx}(\tan^{-1} x) = \frac{1}{1+x^2}$

4. $\frac{d}{dx}(\cot^{-1} x) = \frac{-1}{1+x^2}$

5. $\frac{d}{dx}(\sec^{-1} x) = \frac{1}{|x|\sqrt{x^2-1}}, |x|>1$

6. $\frac{d}{dx}(\text{cosec}^{-1} x) = \frac{-1}{|x|\sqrt{x^2-1}}, |x|>1$

### 5.1.11 *चरघातांकी और लघुगणकीय फलन*

(i) मान लीजिए धनात्मक आधार $b > 1$ वाला चरघातांकी फलन $y = f(x) = b^x$ है। इसका प्रांत सभी वास्तविक संख्याओं का समुच्चय **R** है तथा परिसर सभी धनात्मक वास्तविक संख्याओं का समुच्चय है। आधार 10 वाला चरघातांकी फलन सामान्य चरघातांकी फलन कहलाता है तथा आधार $e$ वाला चरघातांकी फलन प्राकृतिक चरघातांकी फलन कहलाता है।

(ii) मान लीजिए कि $b > 1$, यदि $b^x = a$ तो आधार $b$ पर $a$ के लघुगणक, $x$ होता है। इसे $\log_b a = x$ द्वारा व्यक्त किया जाता है। यदि आधार $b = 10$ हो, तो इसे सामान्य लघुगणक कहा जाता है तथा यदि आधार $b = e$ हो, तो इसे प्राकृतिक लघुगणक कहा जाता है। $\log x$ आधार $- e$ पर लघुगणक फलन को व्यक्त करता है। लघुगणकीय फलन का प्रांत सभी धनात्मक वास्तविक संख्याओं का समुच्चय $\mathbf{R}^+$ है तथा इसका परिसर सभी वास्तविक संख्याओं समुच्चय R है।

(iii) किसी भी आधार $b > 1$ के लिए, लघुगणकीय फलन के गुण नीचे लिखे जा रहे हैं:

1. $\log_b (xy) = \log_b x + \log_b y$ ; $x > 0$; $y > 0$

4. $\log_b x = \frac{\log_c x}{\log_c b}$, जहाँ $c > 1$ है।

2. $\log_b \left(\frac{x}{y}\right) = \log_b x - \log_b y$

5. $\log_b x = \frac{1}{\log_x b}$

3. $\log_b x^n = n \log_b x$ 6. $\log_b b = 1$ और $\log_b 1 = 0$

(iv) $x$ के सापेक्ष $e^x$ का अवकलज $e^x$ है, अर्थात् $\frac{d}{dx}(e^x) \quad e^x$ है। $x$ के सापेक्ष $(\log x)$ का अवकलज $\frac{1}{x}$ है, अर्थात् $\frac{d}{dx}(\log x) \quad \frac{1}{x}$ है।

**5.1.12** $f(x) = (u(x))^{v(x)}$, के रूप के फलनों को अवकलित करने के लिए, लघुगणकीय अवकलन एक सशक्त तकनीक है जहाँ $f$ और $u$ दोनों का, इस तकनीक का कुछ अर्थ होने के लिए, धनात्मक फलन होना आवश्यक है।

### 5.1.13 *किसी फलन का एक अन्य फलन के सापेक्ष अवकलन*

मान लीजिए कि $u = f(x)$ और $v = g(x)$ चर $x$ के दो फलन हैं। तब, $g(x)$ के सापेक्ष $f(x)$ का अवकलज ज्ञात करने के लिए, अर्थात् $\frac{du}{dv}$ ज्ञात करने के लिए, हम सूत्र

$$\frac{du}{dv} = \frac{\frac{du}{dx}}{\frac{dv}{dx}}$$ का उपयोग करते हैं।

### 5.1.14 *द्वितीय कोटि अवकलज*

$\frac{d}{dx} \frac{dy}{dx} \quad \frac{d^2y}{dx^2}$, फलन $y$ का $x$ के सापेक्ष द्वितीय कोटि अवकलज कहलाता है। यदि $y = f(x)$ हो, तो इसे $y''$ या $y_2$ से व्यक्त करते हैं।

### 5.1.15 *रोले का प्रमेय*

मान लीजिए कि $f : [a, b] \quad \mathbf{R}$ अंतराल $[a, b]$ पर संतत और $(a, b)$ पर अवकलनीय इस प्रकार है कि $f(a) = f(b)$, जहाँ $a$ और $b$ कोई वास्तविक संख्याएँ हैं। तब $(a, b)$ में न्यूनतम एक बिंदु $c$ का अस्तित्व इस प्रकार है कि $f'(c) = 0$।

ज्यामितीय रूप से, रोले का प्रमेय यह सुनिश्चित करता है कि वक्र $y = f(x)$ पर न्यूनतम एक बिंदु ऐसा है कि जिस पर वक्र की स्पर्श रेखा $x$-अक्ष के समांतर है (बिंदु का भुज $(a, b)$में स्थित है)।

### 5.1.16 *माध्यमान प्रमेय ( लग्रांज )*

मान लीजिए कि $f : [a, b] \quad \mathbf{R}$ अंतराल $[a, b]$ पर एक संतत फलन है तथा $(a, b)$ पर अवकलनीय

है। तब, $(a, b)$ में कम से कम एक बिंदु $c$ ऐसा है कि $f'(c) = \dfrac{f(b) \quad f(a)}{b \quad a}$ होता है।

ज्यामितीय रूप से, माध्य मान प्रमेय यह कहती है कि $(a, b)$ में न्यूनतम एक ऐसे बिंदु $c$ का अस्तित्व है कि बिंदु $(c, f(c))$ पर स्पर्श रेखा बिंदुओं $(a, f(a)$ और $(b, f(b))$ को मिलाने वाली रेखाखंड के समांतर होती है।

## 5.2 हल उदाहरण

### लघु उत्तरीय ( S.A. )

**उदाहरण 1** अचर $k$ का मान ज्ञात कीजिए ताकि फलन $f$, $x = 0$ पर संतत हो, जहाँ

$$f(x) = \begin{cases} \dfrac{1-\cos 4x}{8x^2}, & x \neq 0 \\ k, & x = 0 \end{cases} \text{ है।}$$

**हल** यह दिया है कि फलन $f, x = 0$ पर संतत है। अतः, $\lim\limits_{x \to 0} f(x) = f(0)$ है।

$$\Rightarrow \qquad \lim_{x \to 0} \frac{1-\cos 4x}{8x^2} = k$$

$$\Rightarrow \qquad \lim_{x \to 0} \frac{2\sin^2 2x}{8x^2} = k$$

$$\Rightarrow \qquad \lim_{x \to 0} \left(\frac{\sin 2x}{2x}\right)^2 = k$$

$$\Rightarrow \qquad k = 1$$

अतः, यदि $f, x = 0$ पर संतत है, तो $k$ का मान 1 होगा।

**उदाहरण 2** फलन $f(x) = \sin x \cdot \cos x$ के सांतत्य की चर्चा कीजिए।

**हल** क्योंकि $\sin x$ और $\cos x$ संतत फलन हैं तथा दो संतत फलनों का गुणनफल एक संतत फलन होता है, इसलिए $f(x) = \sin x \cdot \cos x$ एक संतत फलन है।

**उदाहरण 3** यदि $f(x) = \begin{cases} \dfrac{x^3 + x^2 - 16x + 20}{(x-2)^2}, & x \neq 2 \\ k & x = 2 \end{cases}$ $x = 2$ पर संतत है, तो $k$ का मान ज्ञात कीजिए।

**हल** $f(2) = k$ दिया है।

अब, $\lim\limits_{x \to 2^-} f(x) = \lim\limits_{x \to 2^+} f(x) = \lim\limits_{x \to 2} \frac{x^3 + x^2 - 16x + 20}{(x-2)^2}$

$$= \lim_{x \quad 2} \frac{(x \quad 5)(x-2)^2}{(x-2)^2} \qquad \lim_{x \quad 2}(x \quad 5) \qquad 7$$

क्योंकि $x = 2$ पर $f$ संतत है, इसलिए हमें प्राप्त होता है:

$$\lim_{x \to 2} f(x) = f(2)$$

$\Rightarrow$ $\qquad k = 7$

**उदाहरण 4** दर्शाइए कि $f(x) = \begin{cases} x \sin \frac{1}{x}, & x \neq 0 \\ 0, & x = 0 \end{cases}$ द्वारा परिभाषित फलन $f$, $x = 0$ पर संतत है।

**हल** $x = 0$ पर, वाम पक्ष की सीमा नीचे दिए अनुसार प्राप्त होती है-

$$\lim_{x \to 0^-} f(x) = \lim_{x \to 0^-} x \sin \frac{1}{x} = 0 \qquad \left[\text{क्योंकि } -1 < \sin \frac{1}{x} < 1\right]$$

इसी प्रकार, $\lim\limits_{x \quad 0} f(x) \quad \lim\limits_{x \quad 0} x \sin \frac{1}{x} \quad 0$ है। साथ ही, $f(0) = 0$ है।

इस प्रकार, $\lim\limits_{x \quad 0^-} f(x) \quad \lim\limits_{x \quad 0} f(x) \quad f(0)$ है। अत:, $x = 0$ पर फलन $f$ संतत है।

**उदाहरण 5** $f(x) = \frac{1}{x-1}$ दिया है। संयोजित फलन $y = f\,[f(x)]$ में असंतत के बिंदु ज्ञात कीजिए।

**हल** हम जानते हैं कि फलन $f(x) = \frac{1}{x-1}$ बिंदु $x = 1$ पर असंतत है।

अब $x \quad 1$ के लिए,

$$f(f(x)) = f \quad \frac{1}{x-1} \quad = \frac{1}{\frac{1}{x-1} - 1} \quad \frac{x-1}{2-x}$$

जो $x = 2$ पर असंतत है।

अत: वाँछित असंतत बिंदु $x = 1$ और $x = 2$ हैं।

**उदाहरण 6** मान लीजिए कि सभी $x \in \mathbf{R}$ के लिए, $f(x) = x|x|$ तो। $x = 0$ पर, $f(x)$ की अवकलजता की चर्चा कीजिए।

**हल** हम $f$ को पुनः निम्नलिखित रूप में लिख सकते है: $f(x) = \begin{cases} x^2, \text{ यदि } x \geq 0 \\ -x^2, \text{ यदि } x < 0 \end{cases}$

अब, $\mathrm{L}f'(0) = \lim\limits_{h \to 0^-} \dfrac{f(0+h) - f(0)}{h} = \lim\limits_{h \to 0^-} \dfrac{-h^2 - 0}{h} = \lim\limits_{h \to 0^-} h = 0$

तथा $\mathrm{R}f'(0) = \lim\limits_{h \to 0^+} \dfrac{f(0+h) - f(0)}{h} = \lim\limits_{h \to 0^+} \dfrac{h^2 - 0}{h} = \lim\limits_{h \to 0^-} h = 0$

क्योंकि वाम अवकलज और दक्षिण अवकलज दोनों बराबर हैं अत: $x = 0$ पर $f$ अवकलनीय है।

**उदाहरण 7** $\sqrt{\tan\sqrt{x}}$ को $x$ के सापेक्ष अवकलित कीजिए।

**हल** मान लीजिए कि $y = \sqrt{\tan\sqrt{x}}$ है। शृंखला नियम का प्रयोग करने पर, हम प्राप्त करते हैं:

$$\frac{dy}{dx} \quad \frac{1}{2\sqrt{\tan\sqrt{x}}} \cdot \frac{d}{dx}(\tan\sqrt{x})$$

$$= \frac{1}{2\sqrt{\tan\sqrt{x}}} \cdot \sec^2\sqrt{x} \frac{d}{dx}(\sqrt{x})$$

$$= \frac{1}{2\sqrt{\tan\sqrt{x}}} (\sec^2\sqrt{x}) \quad \frac{1}{2\sqrt{x}}$$

$$= \frac{(\sec^2\sqrt{x})}{4\sqrt{x}\sqrt{\tan\sqrt{x}}}$$

**उदाहरण 8** यदि $y = \tan(x+y)$ है, तो $\dfrac{dy}{dx}$ ज्ञात कीजिए।

**हल** $y = \tan(x+y)$ दिया है। दोनों पक्षों को $x$ के सापेक्ष अवकलित करने पर

$$\frac{dy}{dx} \quad \sec^2(x \quad y) \frac{d}{dx}(x \quad y)$$

$$= \sec^2(x+y) \quad 1 \quad \frac{dy}{dx}$$

या $\qquad [1 - \sec^2 (x + y] \dfrac{dy}{dx} = \sec^2 (x + y)$

अतः, $\qquad \dfrac{dy}{dx} \quad \dfrac{\sec^2 (x \quad y)}{1 \quad \sec^2 (x \quad y)} = - \text{cosec}^2 (x + y)$

**उदाहरण 9** यदि $e^x + e^y = e^{x+y}$ दिया है, तो सिद्ध कीजिए कि $\dfrac{dy}{dx} = -e^{y-x}$ है।

**हल** $e^x + e^y = e^{x+y}$ दिया है। दोनों पक्षों को $x$ के सापेक्ष अवकलित करने पर

$$e^x + e^y \frac{dy}{dx} = e^{x+y} \quad 1 \quad \frac{dy}{dx} \qquad \text{या} \qquad (e^y - e^{x+y}) \frac{dy}{dx} = e^{x+y} - e^x$$

जिसके फलस्वरूप $\quad \dfrac{dy}{dx} \quad \dfrac{e^{x \quad y} - e^x}{e^y \quad e^{x \quad y}} \quad \dfrac{e^x \quad e^y \quad e^x}{e^y \quad e^x \quad e^y} \quad - e^{y \quad x}$.

**उदाहरण 10** यदि $y = \tan^{-1}\left(\dfrac{3x - x^3}{1 - 3x^2}\right), -\dfrac{1}{\sqrt{3}} < x < \dfrac{1}{\sqrt{3}}$ है, तो $\dfrac{dy}{dx}$ ज्ञात कीजिए।

**हल** $x = \tan$ रखिए, जहाँ $\dfrac{-\pi}{6} < \theta < \dfrac{\pi}{6}$

अतः $\qquad y = \tan^{-1}\left(\dfrac{3\tan\theta - \tan^3\theta}{1 - 3\tan^2\theta}\right)$

$= \tan^{-1} (\tan 3 \quad )$

$= 3 \qquad\qquad$ (क्योंकि $\dfrac{}{2} \quad 3 \quad \dfrac{}{2}$)

$= 3\tan^{-1} x$

इसलिए, $\qquad \dfrac{dy}{dx} = \dfrac{3}{1 \quad x^2}$.

**उदाहरण 11** यदि $y = \sin^{-1} \quad x\sqrt{1 \quad x} \quad \sqrt{x}\sqrt{1 \quad x^2}$ और $0 < x < 1$ है, तो $\dfrac{dy}{dx}$ ज्ञात कीजिए।

**हल** हमें प्राप्त है: $y = \sin^{-1} \quad x\sqrt{1 \quad x} \quad \sqrt{x}\sqrt{1 \quad x^2}$ है, जहाँ $0 < x < 1$

$x = \sin A$ और $\sqrt{x} = \sin B$ रखने पर:

$$y = \sin^{-1}\ \sin A\sqrt{1\quad \sin^2 B}\quad \sin B\sqrt{1\quad \sin^2 A}$$

$$= \sin^{-1}\ \sin A\cos B\quad \sin B\cos A$$

$$= \sin^{-1}\ \sin(A\quad B)\ = A - B$$

इस प्रकार, $y = \sin^{-1} x - \ \sin^{-1}\sqrt{x}$

$x$ के सापेक्ष अवकलित करने पर,

$$\frac{dy}{dx}\quad \frac{1}{\sqrt{1\quad x^2}}\quad \frac{1}{\sqrt{1\quad \sqrt{\ x}^{\,2}}}.\frac{d}{dx}\ \sqrt{x}$$

$$= \frac{1}{\sqrt{1\quad x^2}}\quad \frac{1}{2\sqrt{x}\ \sqrt{1\quad x}}$$

**उदाहरण 12** यदि $x = a\sec^3$ और $y = a\tan^3$ है, तो $\frac{}{3}$ पर $\frac{dy}{dx}$ ज्ञात कीजिए।

**हल** हमें $x = a\sec^3$ और $y = a\tan^3$ प्राप्त है।

के सापेक्ष अवकलित करने पर,

$$\frac{dx}{d}\quad 3a\sec^2\ \frac{d}{d}(\sec\ )\ \ 3a\sec^3\quad \tan$$

तथा $\frac{dy}{d\theta} = 3a\tan^2\theta\frac{d}{d\theta}(\tan\theta) = 3a\tan^2\theta\sec^2\theta$

इस प्रकार, $\frac{dy}{dx}\quad \frac{\frac{dy}{d}}{\frac{dx}{d}}\quad \frac{3a\tan^2\quad \sec^2}{3a\sec^3\quad \tan}\quad \frac{\tan}{\sec}\quad \sin$

अत:, $\left(\frac{dy}{dx}\right)$ at $\theta\ \frac{\pi}{3}$ पर $= \sin\frac{\pi}{3} = \frac{\sqrt{3}}{2}$

**उदाहरण 13** यदि $x^y = e^{x-y}$ है, तो सिद्ध कीजिए कि $\frac{dy}{dx} = \frac{\log x}{(1\quad \log x)^2}$

**हल** हमें प्राप्त है: $x^y = e^{x-y}$ दोनों पक्षों का लघुगणक लेने पर,

$$y\log x = x - y$$

$\Rightarrow \qquad y\,(1 + \log x) = x$

अर्थात् $\qquad y = \dfrac{x}{1 \quad \log x}$ दोनों पक्षों को $x$ के सापेक्ष अवकलित करने पर

$$\frac{dy}{dx} \quad \frac{(1 \quad \log x).1 \quad x \quad \frac{1}{x}}{(1 \quad \log x)^2} \quad \frac{\log x}{(1 \quad \log x)^2}$$

**उदाहरण 14** यदि $y = \tan x + \sec x$ है, तो सिद्ध कीजिए कि $\dfrac{d^2y}{dx^2} = \dfrac{\cos x}{(1 \quad \sin x)^2}$ है।

**हल** हमें प्राप्त है: $y = \tan x + \sec x$

$x$ के सापेक्ष अवकलित करने पर,

$$\frac{dy}{dx} = \sec^2 x + \sec x \tan x$$

$$= \frac{1}{\cos^2 x} \quad \frac{\sin x}{\cos^2 x} = \frac{1 \quad \sin x}{\cos^2 x} = \frac{1+\sin x}{(1+\sin x)(1-\sin x)}$$

इस प्रकार, $\dfrac{dy}{dx} = \dfrac{1}{1-\sin x}$ अब, $x$ के सापेक्ष पुनः अवकलित करने पर

$$\frac{d^2y}{dx^2} = \frac{- \ -\cos x}{(1-\sin x)^2} \quad \frac{\cos x}{(1-\sin x)^2}$$

**उदाहरण 15** यदि $f(x) = |\cos x|$ है, तो $f' \quad \dfrac{3}{4}$ ज्ञात कीजिए।

**हल** जब $\dfrac{}{2} < x < \pi$ तो $\cos x < 0$, जिससे $|\cos x| = -\cos x$, अर्थात् $f(x) = -\cos x$ है।

$f'(x) = \sin x$

अतः $f' \quad \dfrac{3}{4} \quad = \sin \quad \dfrac{3}{4} \quad = \dfrac{1}{\sqrt{2}}$

**उदाहरण 16** यदि $f(x) = |\cos x - \sin x|$ है, तो $f' \quad \dfrac{}{6}$ ज्ञात कीजिए।

**हल** जब $0 < x < \frac{\pi}{4}$ है, तो $\cos x > \sin x$ होता है, जिससे $\cos x - \sin x > 0$ है, अर्थात्
$f\ (x) = \cos x - \sin x$ है।

$$f'\ (x) = -\sin x - \cos x$$

अतः $f'\ \frac{}{6} = -\sin\frac{}{6} - \cos\frac{}{6} = -\frac{1}{2}(1+\sqrt{3})$ है।

**उदाहरण 17** $0, \frac{}{2}$ में फलन $f(x) = \sin 2x$ के लिए रोले के प्रमेय का सत्यापन कीजिए।

**हल** $0, \frac{}{2}$ में फलन $f(x) = \sin 2x$ पर विचार कीजिए। ध्यान दीजिए कि:

(i) $0, \frac{}{2}$ में फलन $f$ संतत है, क्योंकि $f$ एक साइन (sine) फलन है, जो सदैव संतत होता है।

(ii) $0, \frac{}{2}$ में $f'(x) = 2\cos 2x$ का अस्तित्व है। अतः, $\left(0, \frac{\pi}{2}\right)$ में $f$ अवकलनीय है।

(iii) $f(0) = \sin 0 = 0$ है तथा $f\ \frac{}{2} = \sin\pi = 0$ है। इससे $f(0) = f\ \frac{}{2}$ है।

यहाँ रोले के प्रमेय के प्रतिबंध संतुष्ट हो जाते हैं। अतः, कम से कम एक ऐसे बिन्दु $c \in\ 0, \frac{}{2}$ का अस्तित्व है ताकि $f'(c) = 0$ है। इस प्रकार,

$$2\cos 2c = 0 \quad \Rightarrow \quad 2c = \frac{}{2} \quad \Rightarrow \quad c = \frac{}{4}$$

**उदाहरण 18** [3, 5] में फलन $f(x) = (x-3)(x-6)(x-9)$ के लिए माध्यमान प्रमेय का सत्यापन कीजिए।

**हल** (i) [3, 5] में फलन $f$ संतत है, क्योंकि बहुपद फलनों का गुणनफल एक बहुपद है, जो संतत है।

(ii) (3, 5) में $f'(x) = 3x^2 - 36x + 99$ का अस्तित्व है। अतः, यहाँ (3, 5) में अवकलनीय है। इस प्रकार, माध्यमान प्रमेय के प्रतिबंध संतुष्ट हो जाते हैं। अतः कम से कम एक ऐसे बिंदु $c \in (3, 5)$ के लिए–

$$f\ (c)\ \ \frac{f(5)\ \ f(3)}{5\ \ 3}$$

$$\Rightarrow 3c^2 - 36c + 99 = \frac{8 \quad 0}{2} = 4$$

$$\Rightarrow c = \; 6 \quad \sqrt{\frac{13}{3}}$$

अत:, $c \quad 6 \quad \sqrt{\frac{13}{3}}$ (क्योंकि दूसरा मान अमान्य है।)

## दीर्घ उत्तरीय उदाहरण (L.A.)

**उदाहरण 19** यदि $f(x) = \dfrac{\sqrt{2}\cos x \quad 1}{\cot x \quad 1}, x \quad \dfrac{}{4}$ है, तो $f \quad \dfrac{}{4}$ का ऐसा मान ज्ञात कीजिए कि $x = \dfrac{}{4}$ पर $f(x)$ संतत बन जाए।

**हल** दिया है $f(x) = \dfrac{\sqrt{2}\cos x \quad 1}{\cot x \quad 1}, x \quad \dfrac{}{4}$

अत:,
$$\lim_{x \quad \frac{}{4}} f(x) \quad \lim_{x \quad \frac{}{4}} \frac{\sqrt{2}\cos x \quad 1}{\cot x \quad 1}$$

$$= \lim_{x \to \frac{\pi}{4}} \frac{\left(\sqrt{2}\cos x - 1\right)\sin x}{\cos x - \sin x}$$

$$= \lim_{x \quad \frac{}{4}} \frac{\sqrt{2}\cos x \quad 1}{\sqrt{2}\cos x \quad 1} \cdot \frac{\sqrt{2}\cos x \quad 1}{\cos x \quad \sin x} \cdot \frac{\cos x \quad \sin x}{\cos x \quad \sin x} \cdot \sin x$$

$$= \lim_{x \to \frac{\pi}{4}} \frac{2\cos^2 x - 1}{\cos^2 x - \sin^2 x} \cdot \frac{\cos x + \sin x}{\sqrt{2}\cos x + 1} (\sin x)$$

$$= \lim_{x \to \frac{\pi}{4}} \frac{\cos 2x}{\cos 2x} \cdot \left(\frac{\cos x + \sin x}{\sqrt{2}\cos x + 1}\right) (\sin x)$$

$$= \lim_{x \quad \frac{}{4}} \frac{\cos x \quad \sin x}{\sqrt{2}\cos x \quad 1} \sin x$$

$$= \frac{\frac{1}{\sqrt{2}} \quad \frac{1}{\sqrt{2}} \quad \frac{1}{\sqrt{2}}}{\sqrt{2}.\frac{1}{\sqrt{2}} \quad 1} \quad \frac{1}{2}$$

इस प्रकार, $\lim_{x \quad \frac{}{4}} f(x) \quad \frac{1}{2}$ यदि हम $f\left(\frac{\pi}{4}\right)=\frac{1}{2}$ परिभाषित करें, तो $\frac{x}{4}$ पर $f(x)$ संतत बन जाएगा।

अतः, $f$ के $x=\frac{\pi}{4}$ पर संतत होने के लिए $f \quad \frac{}{4} \quad \frac{1}{2}$ है।

**उदाहरण 20** दर्शाइए कि $f(x)=\begin{cases} \frac{e^{\frac{1}{x}}-1}{e^{\frac{1}{x}}+1}, & \text{यदि } x \neq 0 \\ 0, & \text{यदि } x=0 \end{cases}$ द्वारा दिया जाने वाला फलन $f$ बिंदु $x=0$ पर असंतत है।

**हल** $x=0$ पर :

$$\lim_{x \quad 0} f(x) \quad \lim_{x \quad 0} \frac{e^{\frac{1}{x}} \quad 1}{e^{\frac{1}{x}} \quad 1} \quad \frac{0 \quad 1}{0 \quad 1} \quad 1$$

इसी प्रकार,

$$\lim_{x \quad 0} f(x) \quad \lim_{x \quad 0} \frac{e^{\frac{1}{x}} \quad 1}{e^{\frac{1}{x}} \quad 1}$$

$$= \lim_{x \quad 0} \frac{1 \quad \frac{1}{e^{\frac{1}{x}}}}{1 \quad \frac{1}{e^{\frac{1}{x}}}} = \lim_{x \quad 0} \frac{1 \quad e^{\frac{1}{x}}}{1 \quad e^{\frac{1}{x}}} \quad \frac{1 \quad 0}{1 \quad 0} \quad 1$$

इस प्रकार, $\lim_{x \quad 0} f(x) \quad \lim_{x \quad 0} f(x)$, है। अतः, $\lim_{x \quad 0} f(x)$ का अस्तित्व नहीं है। इसीलिए, $x=0$ पर $f$ असंतत है।

**उदाहरण 21** मान लीजिए कि $f(x) = \begin{cases} \dfrac{1-\cos 4x}{x^2}, & \text{यदि } x<0 \\ a \quad , & \text{यदि } x=0 \\ \dfrac{\sqrt{x}}{\sqrt{16+\sqrt{x}}-4}, & if\ x>0 \end{cases}$ है।

$a$ के किस मान के लिए $x = 0$ पर $f$ संतत है?

**हल** यहाँ $f(0) = a$ है तथा 0 पर $f$ की वाम सीमा है:

$$\lim_{x \quad 0} f(x) \quad \lim_{x \quad 0} \frac{1 \quad \cos 4x}{x^2} \quad \lim_{x \quad 0} \frac{2\sin^2 2x}{x^2}$$

$$\lim_{2x \quad 0} 8 \quad \frac{\sin 2x}{2x} \quad ^2 = 8\,(1)^2 = 8$$

तथा 0 पर $f$ की दक्षिण सीमा है:

$$\lim_{x \quad 0} f(x) \quad \lim_{x \quad 0} \frac{\sqrt{x}}{\sqrt{16 \quad \sqrt{x}} \quad 4}$$

$$= \lim_{x \quad 0} \frac{\sqrt{x}(\sqrt{16 \quad \sqrt{x}} \quad 4)}{(\sqrt{16 \quad \sqrt{x}} \quad 4)(\sqrt{16 \quad \sqrt{x}} \quad 4)}$$

$$= \lim_{x \quad 0} \frac{\sqrt{x}(\sqrt{16 \quad \sqrt{x}} \quad 4)}{16 \quad \sqrt{x} \quad 16} \quad \lim_{x \quad 0} \sqrt{16 \quad \sqrt{x}} \quad 4 \quad 8$$

इस प्रकार, $\lim_{x \quad 0} f(x) \quad \lim_{x \quad 0} f(x) \quad 8$ है। अतः, $x = 0$ पर $f$ केवल तभी संतत होगा जब $a = 8$ हो।

**उदाहरण 22** $f(x) = \begin{cases} 2x+3, & \text{यदि } -3 \le x < -2 \\ x+1 \quad , & \text{यदि } -2 \le x < 0 \\ x+2 \quad , & \text{यदि } 0 \le x \le 1 \end{cases}$ द्वारा परिभाषित फलन की अवकलनीयता की जाँच कीजिए।

**हल** $f(x)$ की अवकलनीयता के संदेहास्पद बिंदु केवल $x = -2$ और $x = 0$ हैं।
$x = -2$ पर अवलनीयता के लिए:

अब, $\mathrm{L}f'(-2) = \lim_{h \quad 0} \dfrac{f(-2 \quad h) \quad f(-2)}{h}$

$$= \lim_{h \quad 0} \frac{2(-2 \quad h) \quad 3 \quad (-2 \quad 1)}{h} \quad \lim_{h \quad 0} \frac{2h}{h} \quad \lim_{h \quad 0} 2 \quad 2$$

तथा $\mathrm{R}f'(-2) = \lim_{h \quad 0} \dfrac{f(-2 \quad h) \quad f(-2)}{h}$

$$= \lim_{h \quad 0} \frac{-2 \quad h \quad 1 \quad ( \quad 2 \quad 1)}{h}$$

$$= \lim_{h \quad 0} \frac{h \quad 1 \quad (-1)}{h} \quad \lim_{h \quad 0} \frac{h}{h} \quad 1$$

इस प्रकार, $\mathrm{R}f'(-2) \neq \mathrm{L}f'(-2)$ है। अत:, $x = -2$ पर, $f$ अवकलनीय नहीं है।
इसी प्रकार, $x = 0$ पर फलन की अवकलनीयता के लिए, हमें

$$\mathrm{L}(f'(0) = \lim_{h \quad 0} \frac{f(0 \quad h) \quad f(0)}{h}$$

$$= \lim_{h \quad 0} \frac{0 \quad h \quad 1 \quad (0 \quad 2)}{h}$$

$$= \lim_{h \quad 0} \frac{h \quad 1}{h} \quad \lim_{h \quad 0} \quad 1 \quad \frac{1}{h}$$

जिसका अस्तित्व नहीं है। अत:, $x = 0$ पर फलन अवकलनीय नहीं है।

**उदाहरण 23** $\cos^{-1} \quad 2x\sqrt{1 \quad x^2}$ के सापेक्ष $\tan^{-1} \quad \dfrac{\sqrt{1 \quad x^2}}{x}$ को अवकलित कीजिए, जहाँ

$x \quad \dfrac{1}{\sqrt{2}}, 1$ है।

**हल** मान लीजिए कि $u = \tan^{-1} \quad \dfrac{\sqrt{1 \quad x^2}}{x}$ और $v = \cos^{-1} \quad 2x\sqrt{1 \quad x^2}$ है।

हम $\frac{du}{dv} \quad \frac{\frac{du}{dx}}{\frac{dv}{dx}}$ ज्ञात करना चाहते हैं।

अब $u = \tan^{-1} \quad \frac{\sqrt{1 \quad x^2}}{x}$ में $x = \sin\theta$ रखिए, जहाँ $\left(\frac{\pi}{4}<\theta<\frac{\pi}{2}\right)$ है।

तब, $u = \tan^{-1} \quad \frac{\sqrt{1 \quad \sin^2}}{\sin} \quad = \tan^{-1}(\cot\theta)$

$$= \tan^{-1}\left(\tan\left(\frac{\pi}{2}-\theta\right)\right)=\frac{\pi}{2}-\theta \quad \frac{}{2} \quad \sin^{-1}x$$

अतः, $\quad \frac{du}{dx} \quad \frac{1}{\sqrt{1 \quad x^2}}$ होगा।

अब $\quad v = \cos^{-1}(2x\sqrt{1 \quad x^2})$

या, $\quad v = \frac{}{2} - \sin^{-1}(2x\sqrt{1 \quad x^2})$ ; $x = \sin v$ रखने पर:

$$= \frac{}{2} - \sin^{-1}(2\sin\theta\sqrt{1-\sin^2\theta}) = \frac{\pi}{2} - \sin^{-1}(\sin 2\theta)$$

$$= \frac{}{2} - \sin^{-1}(\sin(\pi - 2\theta)) \quad \left[\text{क्योंकि } \frac{\pi}{2} < 2\theta < \pi\right]$$

$$= \frac{}{2} \quad ( \quad 2 \ ) \quad \frac{}{2} \quad 2$$

अतः $\quad v = \frac{}{2} + 2\sin^{-1}x$

$\Rightarrow \quad \frac{dv}{dx} \quad \frac{2}{\sqrt{1 \quad x^2}}$

अतः $$\frac{du}{dv} = \frac{\frac{du}{dx}}{\frac{dv}{dx}} = \frac{\frac{-1}{\sqrt{1-x^2}}}{\frac{2}{\sqrt{1-x^2}}} = \frac{-1}{2}\cdot$$

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

*उदाहरणों 24 से 35 तक प्रत्येक में, दिए हुए चारों विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए–*

**उदाहरण 24** यदि फलन $f(x) = \begin{cases} \frac{\sin x}{x} + \cos x, & \text{यदि } x \neq 0 \\ k, & \text{यदि } x = 0 \end{cases}$ बिंदु $x = 0$ पर संतत है, तो $k$ का मान है

(A) 3 (B) 2 (C) 1 (D) 1.5

**हल** (B) सही उत्तर है।

**उदाहरण 25** फलन $f(x) = [x]$, जहाँ $[x]$ महत्तम पूर्णांक फलन को व्यक्त करता है, निम्नलिखित पर संतत है

(A) 4 (B) $-2$ (C) 1 (D) 1.5

**हल** (D) सही उत्तर है। महत्तम पूर्णांक फलन $[x]$, $x$ के सभी पूर्णांकीय मानों पर असंतत है। अतः, D सही उत्तर है।

**उदाहरण 26** उन बिंदुओं की संख्या, जिन पर फलन $f(x) = \frac{1}{x-[x]}$ संतत नहीं है,

(A) 1 (B) 2 (C) 3 (D) इनमें से कोई नहीं

**हल** (D) सही उत्तर है। क्योंकि जब $x$ एक पूर्णांक है, तो $x - [x] = 0$ है, इसलिए दिया हुआ फलन सभी $x \in \mathbf{Z}$ के लिए असंतत है।

**उदाहरण 27** $f(x) = \tan x$ द्वारा दिए जाने वाला फलन निम्नलिखित समुच्चय पर असंतत है

(A) $n \; : n \;\; \mathbf{Z}$ (B) $2n \; : n \;\; \mathbf{Z}$ (C) $(2n \;\; 1)\frac{}{2} : n \;\; \mathbf{Z}$ (D) $\frac{n}{2} : n \;\; \mathbf{Z}$

**हल** (C) सही उत्तर है।

**उदाहरण 28** मान लीजिए कि $f(x) = |\cos x|$ है। जब,

(A) $f$ प्रत्येक स्थान पर अवकलनीय है

(B) $f$ प्रत्येक स्थान पर संतत है, परंतु $x = n\pi$, $n \;\; \mathbf{Z}$ पर अवकलनीय नहीं है

(C) $f$ प्रत्येक स्थान पर संतत है, परंतु $x = (2n+1)\frac{\pi}{2}$, $n \in \mathbf{Z}$ पर अवकलनीय नहीं है

(D) इनमें से कोई नहीं

**हल** (C) सही उत्तर है।

**उदाहरण 29** फलन $f(x) = |x| + |x-1|$

(A) $x = 0$ तथा $x = 1$ दोनों पर संतत है

(B) $x = 1$ पर संतत है, परंतु $x = 0$ पर संतत नहीं है

(C) $x = 0$ तथा $x = 1$ दोनों पर असंतत है

(D) $x = 0$ पर संतत है, परंतु $x = 1$ पर संतत नहीं है

**हल:** सही उत्तर (A) है।

**उदाहरण 30** $k$ का वह मान, जो $f(x) = \begin{cases} \sin\frac{1}{x}, & \text{यदि } x \neq 0 \\ k, & \text{यदि } x = 0 \end{cases}$

द्वारा परिभाषित फलन को $x = 0$ पर संतत बना दे,

(A) 8 (B) 1 (C) –1 (D) इनमें से कोई नहीं

**हल** (D) सही उत्तर है। नि:संदेह, $\lim_{x\to 0} \sin\frac{1}{x}$ का अस्तित्व नहीं है।

**उदाहरण 31** उन बिंदुओं का सम्मुच्चय, जहाँ $f(x) = |x-3| \cos x$ द्वारा दिया जाने वाला फलन अवकलनीय है,

(A) $\mathbf{R}$ (B) $\mathbf{R} - \{3\}$ (C) $(0, \infty)$ (D) इनमें से कोई नहीं

**हल** (B) सही उत्तर है।

**उदाहरण 32** $x$ के सापेक्ष $\sec(\tan^{-1}x)$ का अवकल गुणांक है

(A) $\frac{x}{\sqrt{1+x^2}}$ (B) $\frac{x}{1+x^2}$ (C) $x\sqrt{1+x^2}$ (D) $\frac{1}{\sqrt{1+x^2}}$

**हल** (A) सही उत्तर है।

**उदाहरण 33** यदि $u = \sin^{-1}\left(\frac{2x}{1+x^2}\right)$ और $v = \tan^{-1}\left(\frac{2x}{1-x^2}\right)$ है, तो $\frac{du}{dv}$ है

(A) $\frac{1}{2}$ (B) $x$ (C) $\frac{1-x^2}{1+x^2}$ (D) 1

**हल** (D) सही उत्तर है।

**उदाहरण 34** फलन $f(x) = e^x \sin x,\ x \in [0, \pi]$ के लिए, रोले के प्रमेय में $c$ का मान है

(A) $\frac{\pi}{6}$ (B) $\frac{\pi}{4}$ (C) $\frac{\pi}{2}$ (D) $\frac{3\pi}{4}$

**हल** (D) सही उत्तर है।

**उदाहरण 35** फलन $f(x) = x(x-2),\ x \in [1, 2]$ के लिए, माध्य मान प्रमेय में $c$ का मान है

(A) $\frac{3}{2}$ (B) $\frac{2}{3}$ (C) $\frac{1}{2}$ (D) $-\frac{3}{2}$

**हल** (A) सही उत्तर है।

**उदाहरण 36** निम्नलिखित का सुमेलन कीजिए–

| स्तंभ I | स्तंभ II |
|---|---|
| (A) यदि फलन $f(x) = \begin{cases} \frac{\sin 3x}{x}, & \text{यदि } x \quad 0 \\ \frac{k}{2}, & \text{यदि } x \quad 0 \end{cases}$ <br> $x = 0$ पर संतत है, तो $k$ बराबर है | (a) $\|x\|$ |
| (B) प्रत्येक संतत फलन अवकलनीय होता है | (b) सत्य |
| (C) एक फलन का उदाहरण, जो प्रत्येक स्थान पर संतत है, परंतु ठीक एक स्थान पर अवकलनीय नहीं है | (c) 6 |
| (D) तत्समक फलन, अर्थात, $f(x) = x\ \forall x \in \mathbf{R}$ एक संतत फलन है | (d) असत्य |

**हल** $A \to c,\ B \to d,\quad C \to a,\ D \to b$

*उदाहरणों 37 से 41 तक प्रत्येक में रिक्त स्थानों को भरिए–*

**उदाहरण 37** उन बिंदुओं की संख्या, जहाँ फलन $f(x) = \frac{1}{\log |x|}$ असंतत है, ________ है।

**हल** दिया हुआ फलन $x = 0, \pm 1$ बिंदुओं पर असंतत है। अत:, असंततता के बिंदुओं की वाँछित संख्या 3 है।

**उदाहरण 38** यदि $f(x) = \begin{cases} ax + 1 \text{ if } x \ge 1 \\ x + 2 \text{ if } x < 1 \end{cases}$ संतत है, तो $a$ ________ के बराबर मान होना चाहिए।

**हल** $a = 2$

**उदाहरण 39** $x$ के सापेक्ष $\log_{10} x$ का अवकलज ________ है।

**हल** $(\log_{10} e)\dfrac{1}{x}$

**उदाहरण 40** यदि $y = \sec^{-1}\left(\dfrac{\sqrt{x}+1}{\sqrt{x}-1}\right) + \sin^{-1}\left(\dfrac{\sqrt{x}-1}{\sqrt{x}+1}\right)$ है, तो $\dfrac{dy}{dx} =$ _______ है।

**हल** 0

**उदाहरण 41** $\cos x$ के सापेक्ष $\sin x$ का अवकलज _________ है।

**हल** $-\cot x$

*उदाहरण 42 से 46 तक प्रत्येक में बताइए कि कथन सत्य है या असत्य –*

**उदाहरण 42** $x = a$, पर $f(x)$ संततता के लिए? $\lim\limits_{x\to a^+} f(x)$ और $\lim\limits_{x\to a^-} f(x)$ में से प्रत्येक $f(a)$ के बराबर होता है।

**हल** सत्य

**उदाहरण 43** $y = |x-1|$ एक संतत फलन है।

**हल** सत्य

**उदाहरण 44** एक संतत फलन में कुछ ऐसे बिंदु हो सकते हैं जहाँ सीमाओं का अस्तित्व न हों।

**हल** असत्य

**उदाहरण 45** $|\sin x|$ चर $x$ के प्रत्येक मान के लिए एक अवकलनीय फलन है।

**हल** असत्य

**उदाहरण 46** $\cos |x|$ प्रत्येक स्थान पर अवकलनीय है।

**हल** सत्य

## 5.3 प्रश्नावली

### संक्षिप्त उत्तर (S.A.)

**1.** फलन $f(x) = x^3 + 2x^2 - 1$ को $x = 1$ पर संततता की जाँच कीजिए।

ज्ञात कीजिए कि प्रश्न 2 से 10 तक में दिए फलनों में से कौन से फलन इंगित बिंदुओं पर संतत या असंतत हैं:

**2.** $x=2$ पर $f(x) \quad \begin{matrix} 3x \quad 5, & \text{यदि } x \quad 2 \\ x^2, & \text{यदि } x \quad 2 \end{matrix}$ **3.** $x=0$ पर $f(x) \quad \begin{matrix} \dfrac{1 \quad \cos 2x}{x^2}, & \text{यदि } x \quad 0 \\ 5, & \text{यदि } x \quad 0 \end{matrix}$

**4.** $x = 2$ पर $f(x)$ $\begin{array}{ll} \dfrac{2x^2 \quad 3x \quad 2}{x \quad 2}, & \text{यदि } x \quad 2 \\ 5, & \text{यदि } x \quad 2 \end{array}$

**5.** $x = 4$ पर $f(x)$ $\begin{array}{ll} \dfrac{|x \quad 4|}{2(x \quad 4)}, & \text{यदि } x \quad 4 \\ 0, & \text{यदि } x \quad 4 \end{array}$

**6.** $x = 0$ पर $f(x)$ $\begin{array}{ll} |x|\cos\dfrac{1}{x}, & \text{यदि } x \quad 0 \\ 0, & \text{यदि } x \quad 0 \end{array}$

**7.** $x = a$ पर $f(x)$ $\begin{array}{ll} |x \quad a|\sin\dfrac{1}{x \quad a}, & \text{यदि } x \quad 0 \\ 0, & \text{यदि } x \quad a \end{array}$

**8.** $x = 0$ पर $f(x)$ $\begin{array}{ll} \dfrac{e^{\frac{1}{x}}}{1 \quad e^{\frac{1}{x}}}, & \text{यदि } x \quad 0 \\ 0, & \text{यदि } x \quad 0 \end{array}$

**9.** $x = 1$ पर $f(x)$ $\begin{array}{ll} \dfrac{x^2}{2}, & \text{यदि } 0 \quad x \quad 1 \\ 2x^2 \quad 3x \quad \dfrac{3}{2}, & \text{यदि } 1 \quad x \quad 2 \end{array}$

**10.** $x = 1$ पर $(x) = |x| + |x - 1|$

*प्रश्न 11 से 14 तक प्रत्येक में k का वह मान ज्ञात कीजिए जिसके लिए फलन इंगित बिंदु पर संतत है:*

**11.** $x=5$ पर $f(x)=\begin{cases} 3x-8, & \text{यदि } x\le 5 \\ 2k\ , & \text{यदि } x>5 \end{cases}$

**12.** $x=2$ पर $f(x)=\begin{cases} \dfrac{2^{x+2}-16}{4^x-16}, & \text{यदि } x\ne 2 \\ k\ , & \text{यदि } x=2 \end{cases}$

**13.** $x = 0$ पर $f(x)$ $\begin{matrix} \dfrac{\sqrt{1\ \ kx}\ \ \sqrt{1\ \ kx}}{x}, & \text{यदि } 1\ \ x\ \ 0 \\ \dfrac{2x\ \ 1}{x\ \ 1} & ,\ \text{यदि } 0\ \ x\ \ 1 \end{matrix}$

**14.** $x = 0$ पर $f(x)$ $\begin{matrix} \dfrac{1\ \ \cos kx}{x\sin x}, & \text{यदि } x\ \ 0 \\ \dfrac{1}{2} & ,\ \text{यदि } x\ \ 0 \end{matrix}$

**15.** सिद्ध कीजिए कि $f(x)=\begin{cases} \dfrac{x}{|x|+2x^2}, & x\ne 0 \\ k & x=0 \end{cases}$ से परिभाषित फलन $f$ बिंदु $x=0$ पर असंतत रहता है, चाहे $k$ का कोई भी मान लिया जाए।

**16.** $a$ और $b$ के मान ज्ञात कीजिए जिसके लिये दिया हुआ फलन

$$f(x)=\begin{cases} \dfrac{x-4}{|x-4|}+a\ , & \text{यदि } x<4 \\ a+b, & \text{यदि } x=4 \\ \dfrac{x-4}{|x-4|}+b\ , & \text{यदि } x>4 \end{cases}$$

बिंदु $x=4$ पर संतत है।

**17.** फलन $f(x)=\dfrac{1}{x+2}$ दिया है। संयोजित फलन $y=f(f(x))$ में असंतत्य के बिंदु ज्ञात कीजिए।

**18.** फलन $f(t)=\dfrac{1}{t^2+t-2}$ की असंततता के सभी बिंदु ज्ञात कीजिए, जहाँ $t=\dfrac{1}{x-1}$ है।

**19.** दर्शाइए कि फलन $f(x) = |\sin x + \cos x|$ बिंदु $x = \pi$ पर संतत है।

*प्रश्न 20 से 22 में, f की अवकलनीयता की जाँच कीजिए जब कि f निम्नलिखित द्वारा परिभाषित है–*

**20.** $x = 2$ पर, $f(x) = \begin{matrix} x[x], & \text{यदि } 0 \quad x \quad 2 \\ (x \quad 1)x, & \text{यदि } 2 \quad x \quad 3 \end{matrix}$

**21.** $x = 0$ पर, $f(x) = \begin{matrix} x^2 \sin\frac{1}{x} & , \text{यदि } x \quad 0 \\ 0 & , \text{यदि } x \quad 0 \end{matrix}$

**22.** $x = 2$ पर, $f(x) = \begin{matrix} 1 \quad x & , \text{यदि } x \quad 2 \\ 5 \quad x & , \text{यदि } x \quad 2 \end{matrix}$

**23.** दर्शाइए कि $x = 5$ पर, $f(x) = |x - 5|$ संतत है, परंतु अवकलनीय नहीं है।

**24.** एक फलन $f : \mathbf{R} \to \mathbf{R}$ सभी $x, y \in \mathbf{R}$, $f(x) \neq 0$ के लिए समीकरण $f(x+y) = f(x) f(y)$ को संतुष्ट करता है। मान लीजिए कि यह फलन $x = 0$ पर अवकलनीय है तथा $f'(0) = 2$ है। सिद्ध कीजिए कि $f'(x) = 2 f(x)$ है।

*निम्नलिखित प्रश्न 25 से 43 तक प्रत्येक को x के सापेक्ष अवकलित कीजिए–*

**25.** $2^{\cos^2 x}$ **26.** $\dfrac{8^x}{x^8}$ **27.** $\log\left(x + \sqrt{x^2 + a}\right)$

**28.** $\log\left[\log\left(\log x^5\right)\right]$ **29.** $\sin\sqrt{x} + \cos^2\sqrt{x}$ **30.** $\sin^n(ax^2 + bx + c)$

**31.** $\cos\left(\tan\sqrt{x+1}\right)$ **32.** $\sin x^2 + \sin^2 x + \sin^2(x^2)$ **33.** $\sin^{-1}\left(\dfrac{1}{\sqrt{x+1}}\right)$

**34.** $(\sin x)^{\cos x}$ **35.** $\sin^m x \,.\, \cos^n x$ **36.** $(x+1)^2 (x+2)^3 (x+3)^4$

**37.** $\cos^{-1}\left(\dfrac{\sin x + \cos x}{\sqrt{2}}\right), \dfrac{-\pi}{4} < x < \dfrac{\pi}{4}$ **38.** $\tan^{-1}\left(\sqrt{\dfrac{1 - \cos x}{1 + \cos x}}\right), -\dfrac{\pi}{4} < x < \dfrac{\pi}{4}$

**39.** $\tan^{-1}(\sec x + \tan x), -\dfrac{\pi}{2} < x < \dfrac{\pi}{2}$

**40.** $\tan^{-1}\left(\frac{a\cos x - b\sin x}{b\cos x + a\sin x}\right), -\frac{\pi}{2} < x < \frac{\pi}{2}$ तथा $\frac{a}{b}\tan x > -1$

**41.** $\sec^{-1}\left(\frac{1}{4x^3 - 3x}\right), 0 < x < \frac{1}{\sqrt{2}}$

**42.** $\tan^{-1}\frac{3a^2x \quad x^3}{a^3 \quad 3ax^2}, \frac{1}{\sqrt{3}} \quad \frac{x}{a} \quad \frac{1}{\sqrt{3}}$

**43.** $\tan^{-1}\left(\frac{\sqrt{1+x^2}+\sqrt{1-x^2}}{\sqrt{1+x^2}-\sqrt{1-x^2}}\right), -1<x<1, x\neq 0$

*प्रश्न 44 से 48 तक प्राचलिक रूप में दिये फलनों में से प्रत्येक के लिए $\frac{dy}{dx}$ ज्ञात कजिए –*

**44.** $x = t + \frac{1}{t},\ y = t - \frac{1}{t}$

**45.** $x = e^q\left(\theta + \frac{1}{\theta}\right), y = e^{-\theta}\left(\theta - \frac{1}{\theta}\right)$

**46.** $x = 3\cos q - 2\cos^3 q,\ y = 3\sin q - 2\sin^3 q$

**47.** $\sin x = \frac{2t}{1+t^2},\ \tan y = \frac{2t}{1-t^2}$

**48.** $x = \frac{1+\log t}{t^2},\ y = \frac{3+2\log t}{t}$

**49.** यदि $x = e^{\cos 2t}$ और $y = e^{\sin 2t}$, तो सिद्ध कीजिए कि $\frac{dy}{dx} = \frac{-y\log x}{x\log y}$ है।

**50.** यदि $x = a\sin 2t\,(1 + \cos 2t)$ और $y = b\cos 2t\,(1 - \cos 2t)$ तो दर्शाइए कि ,

$x = \frac{\pi}{4}$ पर; $\frac{dy}{dx} = \frac{b}{a}$

**51.** यदि $x = 3\sin t - \sin 3t$ और $y = 3\cos t - \cos 3t$ तो $t = \frac{\pi}{3}$ पर $\frac{dy}{dx}$ ज्ञात कीजिए।

**52.** $\sin x$ के सापेक्ष $\frac{x}{\sin x}$ को अवकलित कीजिए।

**53.** $\tan^{-1} x$ के सापेक्ष $\tan^{-1}\left(\frac{\sqrt{1+x^2}-1}{x}\right)$ को अवकलित कीजिए, जब $x \neq 0$.

*प्रश्न 54 से 57 तक प्रत्येक में $\frac{dy}{dx}$ ज्ञात कीजिए, जबकि $x$ और $y$ दिये हुए संबंध से संयोजित हैं*

**54.** $\sin(xy) + \dfrac{x}{y} = x^2 - y$  **55.** $\sec(x + y) = xy$

**56.** $\tan^{-1}(x^2 + y^2) = a$  **57.** $(x^2 + y^2)^2 = xy$

**58.** यदि $ax^2 + 2hxy + by^2 + 2gx + 2fy + c = 0$ तो दर्शाइए कि $\dfrac{dy}{dx}\cdot\dfrac{dx}{dy} = 1$

**59.** यदि $x = e^{\frac{x}{y}}$ तो सिद्ध कीजिए कि $\dfrac{dy}{dx} = \dfrac{x - y}{x\log x}$

**60.** यदि $y^x = e^{y-x}$ तो सिद्ध कीजिए कि $\dfrac{dy}{dx} = \dfrac{(1 + \log y)^2}{\log y}$

**61.** यदि $y = (\cos x)^{(\cos x)^{(\cos x)\ldots\ldots\infty}}$ तो सिद्ध कीजिए कि $\dfrac{dy}{dx} = \dfrac{y^2 \tan x}{y \log \cos x - 1}$

**62.** यदि $x\sin(a + y) + \sin a\cos(a + y) = 0$ तो सिद्ध कीजिए कि $\dfrac{dy}{dx} = \dfrac{\sin^2(a + y)}{\sin a}$

**63.** यदि $\sqrt{1 - x^2} + \sqrt{1 - y^2} = a(x - y)$ तो सिद्ध कीजिए कि $\dfrac{dy}{dx} = \sqrt{\dfrac{1 - y^2}{1 - x^2}}$

**64.** यदि $y = \tan^{-1}x$ तो केवल $y$ के पदों में $\dfrac{d^2y}{dx^2}$ ज्ञात कीजिए।

*प्रश्न 65 से 69 तक दिये फलनों में से प्रत्येक के लिए रोले के प्रमेय का सत्यापन कीजिए–*

**65.** $[0, 1]$ में $f(x) = x(x - 1)^2$  **66.** $\left[0, \dfrac{\pi}{2}\right]$ esa $f(x) = \sin^4 x + \cos^4 x$

**67.** $[-1, 1]$ में $f(x) = \log(x^2 + 2) - \log 3$  **68.** $[-3, 0]$ में $f(x) = x(x + 3)e^{-x/2}$

**69.** $[-2, 2]$ में $f(x) = \sqrt{4 - x^2}$

**70.** $f(x) = \begin{cases} x^2 + 1, & \text{यदि } 0 \le x \le 1 \\ 3 - x, & \text{यदि } 1 \le x \le 2 \end{cases}$ द्वारा दिए जाने वाले फलन पर रोले के प्रमेय की अनुप्रयोगता पर चर्चा कीजिए।

**71.** $[0, 2p]$ में वक्र $y = (\cos x - 1)$ पर उन बिंदुओं को ज्ञात कीजिए, जहाँ स्पर्श रेखा $x$-अक्ष के समांतर है।

**72.** रोले के प्रमेय का प्रयोग करते हुए वक्र $y = x(x-4), x$ Î $[0, 4]$ पर वह बिंदु ज्ञात कीजिए जहाँ स्पर्श रेखा $x$-अक्ष के समांतर है।

*प्रश्न 73 से 76 तक दिये हुए फलनों में से प्रत्येक के लिए माध्यमान प्रमेय का सत्यापन कीजिए–*

**73.** $[1, 4]$ में $f(x) = \dfrac{1}{4x-1}$

**74.** $[0, 1]$ में $f(x) = x^3 - 2x^2 - x + 3$

**75.** $[0, p]$ में $f(x) = \sin x - \sin 2x$

**76.** $[1, 5]$ में $f(x) = \sqrt{25-x^2}$

**77.** वक्र $y = (x-3)^2$ पर एक ऐसा बिंदु ज्ञात कीजिए, जिस पर स्पर्श रेखा $(3, 0)$ और $(4, 1)$ बिंदुओं को मिलाने वाली जीवा के समांतर हो।

**78.** माध्य मान प्रमेय का प्रयोग करते हुए, सिद्ध कीजिए कि वक्र $y = 2x^2 - 5x + 3$ पर एक ऐसा बिंदु है जो $A(1, 0)$ और $B(2, 1)$ बिंदुओं के बीच स्थित है तथा उस पर खींची गयी स्पर्श रेखा जीवा $AB$ के समांतर है। साथ ही, वह बिंदु भी ज्ञात कीजिए।

## दीर्घ उत्तरीय (L.A.)

**79.** $p$ और $q$ के ऐसे मान ज्ञात कीजिए कि फलन

$$f(x) = \begin{cases} x^2 + 3x + p, & \text{यदि } x \le 1 \\ qx + 2, & \text{यदि } x > 1 \end{cases}$$

बिंदु $x = 1$ पर अवकलनीय हो।

**80.** यदि $x^m . y^n = (x+y)^{m+n}$ है तो सिद्ध कीजिए कि

(i) $\dfrac{dy}{dx} = \dfrac{y}{x}$ और (ii) $\dfrac{d^2y}{dx^2} = 0$

**81.** यदि $x = \sin t$ और $y = \sin pt$ है तो सिद्ध कीजिए कि $(1-x^2)\dfrac{d^2y}{dx^2} - x\dfrac{dy}{dx} + p^2y = 0$ है।

**82.** यदि $y = x^{\tan x} + \sqrt{\dfrac{x^2+1}{2}}$ है, तो $\dfrac{dy}{dx}$ ज्ञात कीजिए।

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

*प्रश्न संख्या 83 से 96 तक प्रत्येक में से दिये हुए चारों विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए–*

**83.** यदि $f(x) = 2x$ और $g(x) = \frac{x^2}{2} + 1$ है तो निम्नलिखित में से कौन - सा फलन असंतत हो सकता है?

(A) $f(x) + g(x)$ (B) $f(x) - g(x)$ (C) $f(x) \cdot g(x)$ (D) $\frac{g(x)}{f(x)}$

**84.** फलन $f(x) = \frac{4-x^2}{4x-x^3}$

(A) केवल एक बिंदु पर असंतत है (B) ठीक दो बिंदुओं पर असंतत है

(C) ठीक तीन बिंदुओं पर असंतत है (D) इनमें से कोई नहीं

**85.** बिंदुओं का वह समुच्चय, जहाँ $f(x) = |2x-1| \sin x$ से दिये जाना वाला फलन $f$ अवकलनीय है, निम्नलिखित है

(A) **R** (B) $\mathbf{R} - \left\{\frac{1}{2}\right\}$ (C) $(0, \infty)$ (D) इनमें से कोई नहीं

**86.** फलन $f(x) = \cot x$ निम्नलिखित समुच्चय पर असंतत है

(A) $\{x = n\pi : n \in \mathbf{Z}\}$ (B) $\{x = 2n\pi : n \in \mathbf{Z}\}$

(C) $\left\{x = (2n+1)\frac{\pi}{2} ; n \in \mathbf{Z}\right\}$ (D) $\left\{x = \frac{n\pi}{2} ; n \in \mathbf{Z}\right\}$

**87.** फलन $f(x) = e^{|x|}$

(A) प्रत्येक स्थान पर संतत है, परंतु $x = 0$ पर अवकलनीय नहीं है

(B) प्रत्येक स्थान पर संतत और अवकलनीय है

(C) $x = 0$ पर संतत नहीं है

(D) इनमें से कोई नहीं

**88.** यदि $f(x) = x^2 \sin\frac{1}{x}$ ] जहाँ $x \neq 0$ तो $x = 0$ पर फलन $f$ का मान निम्नलिखित होगा यदि यह फलन $x = 0$ संतत है

(A) 0 (B) – 1 (C) 1 (D)इनमें से कोई नहीं

**89.** यदि $f(x) = \begin{cases} mx+1 & ,\text{यदि } x \le \frac{\pi}{2} \\ \sin x + n, & \text{यदि } x > \frac{\pi}{2} \end{cases}$ बिंदु $x = \frac{\pi}{2}$ पर संतत है तो

(A) $m = 1, n = 0$ (B) $m = \frac{n\pi}{2} + 1$ (C) $n = \frac{m\pi}{2}$ (D) $m = n = \frac{\pi}{2}$

**90.** मान लीजिए $f(x) = |\sin x|$ है, तब

(A) $f$ प्रत्येक स्थान पर अवकलनीय है

(B) $f$ प्रत्येक स्थान पर संतत है, परंतु $x = n\pi, n \in \mathbf{Z}$ पर अवकलनीय नहीं है

(C) $f$ प्रत्येक स्थान पर संतत है परंतु $x = (2n + 1)\frac{\pi}{2}, n \in \mathbf{Z}$ पर अवकलनीय नहीं है

(D) इनमें से कोई नहीं

**91.** यदि $y = \log\left(\frac{1-x^2}{1+x^2}\right)$ तो $\frac{dy}{dx}$ बराबर है

(A) $\frac{4x^3}{1-x^4}$ (B) $\frac{-4x}{1-x^4}$ (C) $\frac{1}{4-x^4}$ (D) $\frac{-4x^3}{1-x^4}$

**92.** यदि $y = \sqrt{\sin x + y}$ है, तो $\frac{dy}{dx}$ बराबर है

(A) $\frac{\cos x}{2y-1}$ (B) $\frac{\cos x}{1-2y}$ (C) $\frac{\sin x}{1-2y}$ (D) $\frac{\sin x}{2y-1}$

**93.** $\cos^{-1}x$ के सापेक्ष $\cos^{-1}(2x^2 - 1)$ का अवकलज है

(A) 2 (B) $\frac{-1}{2\sqrt{1-x^2}}$ (C) $\frac{2}{x}$ (D) $1 - x^2$

**94.** यदि $x = t^2$ और $y = t^3$ है, तो $\frac{d^2y}{dx^2}$ है

(A) $\frac{3}{2}$ (B) $\frac{3}{4t}$ (C) $\frac{3}{2t}$ (D) $\frac{3}{2t}$

**95.** अंतराल $[0, \sqrt{3}]$ में फलन $f(x) = x^3 - 3x$ के लिए, रोले के प्रमेय में $c$ का मान है

(A) 1 (B) – 1 (C) $\frac{3}{2}$ (D) $\frac{1}{3}$

**96.** फलन $f(x) = x + \frac{1}{x}, x \in [1, 3]$ के लिए, माध्य मान प्रमेय में $c$ का मान है

(A) 1 (B) $\sqrt{3}$ (C) 2 (D) इनमें से कोई नहीं

*प्रश्न संख्या 97 से 101 तक प्रत्येक में रिक्त स्थानों को भरिए–*

**97.** एक ऐसे फलन का उदाहरण जो सभी स्थानों पर संतत है, परंतु ठीक दो बिंदुओं पर अवकलनीय रहने में असमर्थ रहता है ____________ है।

**98.** $x^3$ के सापेक्ष $x^2$ अवकलज ____________ है।

**99.** यदि $f(x) = |\cos x|$ तो $f' \frac{}{4}$ = ________

**100.** यदि $f(x) = |\cos x - \sin x|$ है तो $f' \frac{}{3}$ = ________

**101.** वक्र $\sqrt{x} \quad \sqrt{y} \quad 1$ के लिए, $\left(\frac{1}{4}, \frac{1}{4}\right)$ पर $\frac{dy}{dx}$ ____________

*प्रश्न संख्या 102 से 106 तक प्रत्येक में दिए हुए कथन के लिए बताइए कि यह सत्य है या असत्य–*

**102.** $[0, 2]$ में फलन $f(x) = |x - 1|$ के लिए, रोले का प्रमेय प्रयुक्त है।

**103.** यदि $f$ अपने प्राँत D पर संतत है, तो $|f|$ भी D पर संतत होगा।

**104.** दो संतत फलनों का संयोजन एक संतत फलन होता है।

**105.** त्रिकोणमितीय एवं त्रिकोणमितीय व्युत्क्रम फलन अपने-अपने प्राँतों में अवकलनीय होते हैं।

**106.** यदि $f . g$ बिंदु $x = a$ पर संतत है, तो $f$ और $g$ बिंदु $x = a$ पर पृथक-पृथक रूप से संतत होते हैं।